न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ
पीठासीन अधिकारी श्री अजीत सिंह राठौड (आर.ए.एस)

प्रकरण संख्या 104 / 2022

उनवान

1. उदी पुत्र श्री रूपा नि0 मंगरोप तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
2. कालु पुत्र रूपा गाडरी नि0 मंगरोप तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
3. नन्दलाल पुत्र रूपा गाडरी नि0 मंगरोप तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
4. नारू पुत्र रूपा गाडरी नि0 मंगरोप तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
5. बशी पुत्र रूपा गाडरी नि0 मंगरोप तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
6. भोना उर्फ भवाना पुत्र दल्ला गाडरी नि0 मंगरोप तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)

—प्रार्थीगण

बनाम

1. मंगीलाल पुत्र भैरूलाल तेली नि0 मंगरोप की झुपडिया तह0 हमीरगढ।
2. भगवान पुत्र मकराम रेबारी नि0 दर्री, मंगरोप की झुपडिया तह0 हमीरगढ।
3. प्रद्युम्न सिंह पुत्र रघुराम सिंह उर्फ रोबिन सिंह राजपुत नि0 मंगरोप।
4. कासी पुत्र भैरूलाल गाडरी नि0 मंगरोप की झोपडियां तह0 हमीरगढ।
5. गणेश पुत्र भैरूलाल गाडरी नि0 मंगरोप की झोपडियां तह0 हमीरगढ।
6. बगदु पुत्र खेमा गाडरी नि0 मंगरोप की झोपडियां तह0 हमीरगढ।
7. अर्जुन उर्फ उर्जन पुत्र गिरधारी रेबारी नि0 दर्री मंगरोप तह0 हमीरगढ।
8. कैलाशचन्द्र पुत्र हजारी गाडरी नि0 मंगरोप की झोपडिया तह0 हमीरगढ।
9. मोहन पुत्र गोकल गाडरी नि0 मंगरोप की झोपडिया तह0 हमीरगढ।
10. उदयलाल पुत्र भैरूलाल धोबी नि0 मंगरोप की झोपडिया तह0 हमीरगढ।
11. मोहनलाल पुत्र भैरूलाल गाडरी नि0 दर्री, मंगरोप की झोपडिया तह0 हमीरगढ।
12. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज)

———अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956
निर्णय दिनांक 23.11.2022

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भूँ—राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 23.06.2022 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि **ग्राम मंगरोप प.ह. मंगरोप भू0अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र मंगरोप तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा में उसके खाते की खाता संख्या 390 की कृषि भूमि की आ0न0 1144 रकबा 1.1254है0, कुल किता 01 रकबा 1.1254है0** भूमि स्थित है। वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 29.06.2022 को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी संख्या 01 एवं 11 बावजूद विधिवत प्रक्रियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया।

प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

—::आदेश::—

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जाते है **ग्राम हमीरगढ प.ह. हमीरगढ प्रथम भू0अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र हमीरगढ तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा में उसके खाते की खाता संख्या 1402 की कृषि भूमि की आ0न0 3316 रकबा 0.2023है0, आ0न0 3318 रकबा 0.2655है0, आ0न0 3322 रकबा 0.1391है0, आ0न0 3323/2 रकबा 0.2529है0 कुल किता 04 रकबा 0.8598है0।** जिसकी पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जावे तथा नियमानुसार निर्धारित शुल्क 400/—रू0 पक्षकार प्रार्थी राजकोष मे जमा कराये, साथ ही कमिश्नर फीस 500/—रू0 की नियमानुसार अदायगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर को भुगतान करें।

आदेश आज दिनांक 23.11.2022 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे।

(अजीत सिंह राठौड)
उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ (राज.)